NT>
Title: Further discussion regarding rise in price of essential commodities raised by Shri Rajesh Pilot on the 3rd December, 1998.

16.05 hrs.

SHRI T.R. BAALU (MADRAS SOUTH): Madam, Chairperson, on the other day, I was referring to the fact of mismanagement and maladministration by the people in power, especially, in the National Agriculture Cooperative and Marketing Federation.

Madam, for instance they have applied with the Ministry of Commerce for an import licence. In spite of the instruction of the Ministry of Commerce that the application for import of onion should be made in a particular format, they have not done so because of the reason well known to them. Will anybody believe that a particular national agency, which is NAFED, which is in the know-how of things and formalities pertaining to import and export day in and day out does not know how to apply for an import licence? It is unheard of.

Madam, in spite of this, with all his generosity, the Director-General of Foreign Trade has sanctioned the licence to see that things are going in the right direction. In spite of this hue and cry, the first man who has awakened from his deep sleep was the hon. Prime Minister of India. He took a joint ministerial meeting on the 7th October and discussed how the problem has arisen and what are the remedial measures to be taken up. Only after the Prime Minister's intervention, on the 8th of October NAFED had applied for import licence for importing 10,000 tonnes of onion. In the evening, the Ministry of Commerce cleared it and they got the import licence.

The Delhi Government had applied on the 9th October for importing 3,000 tonnes of onion. They got the licence on the same day. This action should have been taken during the month of August itself or September but things were allowed to go and the price of onion was going up and up unabatedly and it was sky-rocketed from Rs.10 per kilogram to Rs.60 per kilogram.

Madam, I would like to remind this august House about the couplet in Tamil of the great Tamil saint, Thiruvalluvar:

"Seithakka alla seya kedum

Seithakka seyyamaialum kedum."

In English, it means:

"One can lose by wrongs of commission and also by wrong acts of omission."

My submission to this House is this. How the BJP has lost by acts of commission are: (a) announcement regarding granting of OGL within three days from the date of issuance of permit to NAFED and (b) loud and desperate cry of this Government about airlifting of onions from Iran.

The second thing, which I want to impress upon this House is this. How the BJP has lost by wrong acts of omission is firstly the refusal by the Department of Consumer Affairs to extend the counter-guarantee in regard to import of onion to NAFED. Secondly, the Government has exported onion in spite of the crisis and NAFED, as an organisation supposed to be in the know-how to apply for an import licence, have not done so in a particular format.

On the other day, the hon. Member, Shri Vaiko had blamed the United Front Government for which I should be allowed to answer within a minute. Please refer to the Thirteenth Report of the Standing Committee on Energy of the Tenth Lok Sabha. Shri Vaiko has accused the United Front Government by saying that the United Front Government was responsible for the hike in the prices of petroleum products.

)) This is the Report of the Standing Committee on Energy headed by hon. Shri Jaswant Singh, the new Minister of External Affairs. In his recommendation -recommendation number 99 -- he has said in the oil sector, diesel and kerosene prices, mindful of their utilisation, have to be rationalised.

As regards the LPG, subsidy on LPG should be gradually reduced. This is the recommendation number 104.

Thirdly, he has recommended -- recommendation number 126 -- that the prices of products should reflect the economic cost of supply. This is particularly important if private sector marketing of product is to be promoted.

These are the recommendations made by the Committee on Energy which was headed by hon. Shri Jaswant Singh. But on the other day, Shri Vaiko was accusing me without knowing that he is exposing the B.J.P. Government of which he is a part and parcel as he is one of the allies.

>

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज): सभापति महोदय, सदन में चर्चाएं होती हैं, उसके बाद गांव तक पहुंचती हैं लेकिन महंगाई की चर्चा बाहर से शुरु हुई। बाहर से शुरु होने के बाद आज हम सदन में महंगाई की चर्चा कर रहे हैं। पक्ष और विपक्ष के सभी लोगों ने यह कबूल किया है कि महंगाई बढ़ी है। महंगाई क्यों बढ़ी, इस पर भी सभी पक्ष के लोगों ने अपने-अपने विचार रखे हैं।

सभापति महोदय, मैं महंगाई बढ़ने के चार-पांच कारण मानता हूं। जैसे कि वित्त मंत्री जी का बयान अखबार में आया था कि प्रकृतिक विपदा के कारण महंगाई बढ़ी, यह सत्य है कि प्राकृतिक विपदा के कारण महंगाई बढ़ी है लेकिन सिर्फ प्रकृतिक विपदा की वजह से ही महंगाई बढ़ी है यह बात मानने योग्य नहीं है। यह ठीक है कि गांव में जब पानी का सीजन नहीं था तो ऐसे में पानी पड़ने की वजह से सब्जी की खेती अच्छी नहीं हो पाई। हम लोग अंदाजा लगाते हैं कि सब्जी का दाम अभी और बढ़ेगा। इसका कारण प्राकृतिक विपदा ही हो सकता है। विगत संसदीय चुनाव के बाद से ही महंगाई धीरे-धीरे लगातार बढ़नी शुरु हो गई थी, लेकिन पता नहीं सरकार का ध्यान उधर क्यों नहीं गया। हर बार जब चुनाव होते हैं तब नेगेटिव वोट के आधार पर सरकार बनती है लेकिन इस बार जो गठबंधन की सरकार है उसे नेगेटिव के साथ-साथ पोजेटिव वोट भी मिले हैं। इसका प्रमाण है। देहातों में नारा लगता था- 'राज तिलक की करो तैयारी, आ रहे हैं अटल बिहारी।' यह नारा कहता है कि पोजेटिव मत देने की मतदाता की इच्छा थी। इतना ही नहीं, लोग कहते थे- 'देखा सब को बारी-बारी, अब की बारी अटल बिहारी।' यह नारा कहता था कि लोगों की इच्छा पोजेटिव है। लोग चाहते थे कि अटल जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखें और प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी बैठ गए। नौ महीने से ज्यादा समय सरकार को चलते हुए हो गये लेकिन नौ महीने की उपलब्धि में महंगाई की मार ने एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार समाप्त कर दी, राजस्थान में समाप्त कर दी। यह नहीं कहा जा सकता कि सिर्फ नेगेटिव वोट की बदौलत में सरकारें बनी हैं। अगर नेगेटिव वोट की बदौलत सरकारें बनतीं तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हुकूमत नहीं होती। मैं महंगाई बढ़ने का एक कारण जो व्यक्तिगत तौर पर महसूस करता हूं वह यह है कि अटल जी की जो इमेज चुनाव के पहले थी, जो लोगों का रूझान अटल जी के प्रति था उसमें लगातार गिरावट आई है।

लोग यह मानकर चल रहे हैं कि यह एक कमजोर सरकार है और देश में सरकार नहीं चल रही है। यह चर्चा उस समय से शुरु हई जब एक पदाधिकारी श्री बेज़बरूआ के स्थानान्तरण का सवाल आया । उस समय सरकार को किसी न किसी कारण से वह स्थानान्तरण स्थगित करना पड़ा । तभी लोगों के मन में आया कि देश का प्रधानमंत्री एक पदाधिकारी का स्थानान्तरण नहीं कर सकता तो वह प्रधानमंत्री किस काम का? प्रधानमंत्री जी की इमेज को धक्का लगा । उसके बाद दूसरा नुकसान उस समय हुआ जब बिहार सरकार को बर्खास्त करने के लिये राष्ट्रपति के पास सिफारिश भेजी गई तो राष्ट्रपति जी ने उस पर पुनर्विचार करने के लिये वापस सरकार के पास भेज दिया। प्रधानमंत्री जी का एक बयान बौद्धगया की एक मीटिंग में आया कि बिहार में माफिया राज चल रहा है। आज भी दुर्भाग्य से वह माफिया राज बिहार में चल रहा है...

सभापति महोदय : आप जल्द खत्म कीजिये क्योकि आप ही लोगों ने यह निश्चय किया है कि इस चर्चा को जल्दी समाप्त कर देंगे। मैं तो एक घंटा बोलने दूं लेकिन सभी सदस्यों की यह राय हुई थी कि लोग बोलकर इस डिस्कशन को जल्दी खत्म कर देंगे।

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदय, यदि आपको अच्छा नहीं लगता तो मैं छोड़ देता हूं और बैठ जाता हूं।

सभापति महोदय : नहीं, ऐसी बात नहीं है। आप बोलिये लेकिन जल्दी कनक्लूड करिये।

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदय, मेरे पास लिखा हुआ है, उसे बंद कर देता हूं और जितना ज़बानी है, बोल सकता हूं, आप लोग सुनते जाइये।

सभापति महोदय, मैं कह रहा था कि महंगाई बढ़ने का कारण प्रधानमंत्री जी की इमेज भी रही। इसलिये कि व्यवसायी लोग और मुनाफाखोर यह समझने लगे थे कि यह सरकार कमजोर है और कुछ नहीं कर सकती है। इसलिये महंगाई की मार सिर्फ एक वस्तु पर नहीं पड़ी बल्कि कोई भी ऐसी वस्तु नहीं बची जिसके दाम न बढ़े हों। जिस दिन बरनाला साहब आवश्यक वस्तु अधिनियम की बात कह रहे थे, उसी दिन मैंने कहा था कि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-७ से मुनाफाखोरों का मनोबल बढ़ रहा है। वे स्वयं भी महसूस करने लगे थे कि सरकार को इस पर अंकुश लगाना चाहिये। जैसे ही इस धारा-७ की खबर टी.वी और अखबारों से मुनाफाखोरों के कानों में पहुंची उसी दिन से उन मुनाफोखोरों का मनोबल बढ़ गया और उनके मन में यह बात आई कि सरकार हमें संरक्षण दे रही है जिसके कारण यह महंगाई बढ़ी। इसलिये मैं आपसे कहना चाहता हूं कि धारा-७ को और कड़ा किया जाये और मुनाफाखोरों से किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहिये। बिहार सरकार ने न जाने कितना खर्च कर दिया। शासन केवल बात करने से नहीं चलता है, इसलिये शासन पर अंकुश लगाना होगा।

सभापति महोदय, अभी पिछले दिनों यहां दिल्ली में मुख्यमंत्रियों का एक सम्मेलन हुआ जिसमें मंहगाई को बढ़ने से रोकने के लिये चर्चा की गई। में सरकार से पूछना चाहता हूं कि इस सरकार को शासन में आये ९ महीने हो गये फिर महंगाई पर रोक लगाने के लिये किसी तरह की कार्यवाही क्यों नहीं की गई? मुख्यमंत्रियों की बैठक भी तब जाकर हुई जब कुमारी ममता बनर्जी ने को-आर्डिनेशन कमेटी से इस्तीफा दे दिया और यह कहा कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो हम बैठक में शामिल नहीं होंगे। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि मुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद क्या उपलब्धियां प्राप्त की गईं। मुनाफाखोरों पर अंकुश लगाने के लिये और मूल्य वृद्धि रोकने के लिये क्या किया गया? मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि ६ रुपये किलो वाला प्याज ६५ रुपये किलो कैसे बिका और आज जब २५ रुपये किलो बिक रहा है तो सरकार कहती है कि हमने मूल्य नियंत्रण कर लिया है। क्या आप इस ६ रुपये किलो वाले प्याज़ को २५ रुपये किलो कर देने को मूल्यों पर नियंत्रण कहते हैं। यदि आप ६ रुपये किलो वाले प्याज को ६ रुपये या ५ रुपये किलो तक कर देते तो हमें दिखाई देता कि आपने मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण कर लिया है।

सभापति महोदय : १२ मिनट हो गए हैं। अब कनक्लूड कीजिए।

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदया, मैं दो मिनट में समाप्त करूंगा।

श्री कल्पनाथ राय : सभापति महोदया, अगर इस सदन में किसी बात पर बहस होती है तो हम लोग यहां सुनने के लिए आते हैं। ऐसा नहीं है कि कोई गंभीर विषय पर बहस न होने दी जाएगी। बहस होने दीजिए। यहां देखने के लिए थोड़े ही हम बैठे हैं।

सभापति महोदय : अगर सदन चाहता है कि देर तक बैठें और चर्चा चलती रहे तो ठीक है।

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदया, मैं दो से तीन मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

मैं कहना चाहता था कि मुख्य मंत्रियों की बैठक तब हुई, जब ममता बनर्जी ने इस्तीफा दिया, लेकिन मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार को हम बहुत जिम्मेदार नहीं मानते। मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। राज्य सरकारें इसलिए हम कहते हैं क्योंकि आपूर्ति निरीक्षक राज्य सरकारों के हैं, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राज्य सरकार के हैं, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज्य सरकार के हैं, जिला पदाधिकारी राज्य सरकार के आदेश पर काम करते हैं। अगर कहीं महंगाई बढ़ रही है, मूल्य वृद्धि हो रही है और राज्य सरकारों ने साजिश के तहत अपने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इसको और बढ़ने दो, इसलिए राज्य सरकारों पर भी निगरानी रखने की ज़रूरत है। देहातों में पीडीएस की दुकानों से सामान वहां जाता है। देहात के उपभोक्ताओं को देखिये कि वहां क्या हो रहा है। पूरे देश की स्थिति मैं नहीं जानता, लेकिन बिहार की जानता हूं कि वहां ९० प्रतिशत लोगों को सामान पीडीएस के माध्यम से नहीं दिया गया। सभापति महोदया, आप बिहार की रहने वाली हैं और आप वहां की स्थिति से अवगत हैं। आप संयोग से आसन पर बैठी हैं। आप इस बात को गंभीरता से लीजिए और आप आसन से कभी-कभी मौका मिलता रहे तो निर्देश जारी कर दीजिए कि सरकार इस पर निगरानी रखे। जो सामान उपभोक्ताओं के लिए गांवों में जाता है उसमें सरकारी कर्मचारी और पदाधिकारी मिले होते हैं। उस पीडीएस की दुकान के माध्यम से सारा सामान बिक्री कराकर वह हिस्सेदार बनते हैं जिससे उ पभोक्ताओं को सामान नहीं मिलता है। इसकी कौन निगरानी करेगा? राज्यों में पदाधिकारियों के माध्यम से सामान की व्यवस्था और आपूर्ति कराने में जो गड़बड़ी होती है, उस पर कैसे अंकुश लगे, उसके लिए केन्द्र सरकार को मज़बूत कानून बनाना चाहिए।

सभापति महोदया, मैं आपकी भावनाओं को समझता हूं। इससे आगे नहीं बोलना चाहता लेकिन इतनी बात ज़रूर कहना चाहता हूं कि महंगाई को नियंत्रित करने में केन्द्र सरकार को जितनी जिम्मेदारी से काम करना चाहिए था, केन्द्र सरकार ने उतनी जिम्मेदारी से काम नहीं किया जिससे मुनाफाखोरों का बोलबाला बढ़ा और ऐसे में इस देश के गरीब लोगों ने घर के गहने बिकवाकर अन्न खरीदने का काम किया है। इसलिए केन्द्र सरकार को ऐसे मामले में गंभीर होना चाहिए, चिन्तन करना चाहिए। सरकार सिर्फ व्यवसायी और मुनाफाखोरों की सरकार नहीं है, बल्कि गांव के लोगों के आशीर्वाद की सरकार है, इसलिए इस पर बहुत गहराई से सोचना चाहिए।

सभापति महोदय : कुमारी मायावती।

मुझे विश्वास है कि आप संक्षेप में बहुत सुन्दर भाषण देंगी।

कुमारी मायावती : सभापति महोदया, नियम १९३ के तहत ३ दिसम्बर को महंगाई पर काफी विस्तार से चर्चा हुई है। चर्चा अधूरी रहने के कारण आज फिर इस ि वषय पर चर्चा हो रही है। विषय बहुत गंभीर है और आम जनता से जुड़ा हुआ है। मैंने यह महसूस किया है कि सारी वस्तुओं की कीमतों में जो वृद्धि हुई है, सत्ता पक्ष का कहना है कि इसके दो कारण हैं। एक कारण है खराब मौसम, और दूसरा कारण है उत्पादन में कमी। मैं इन दोनों कारणों से बिल्कुल सहमत नहीं हूं।

क्योंकि यदि कुछ महीनों में उत्पादन में कमी हुई है तो सरकार की जिम्मेवारी बनती थी कि इसकी व्यवस्था करे, आम जनता के जीवन से जुड़ी हुई चीजों को दूसरे देशों से मंगाया जाए। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि एक तरफ तो सरकार यह कहती है कि उत्पादन में कमी हुई है और दूसरी तरफ कमी होने के बा वजूद भी आवश्यक वस्तुओं को वह विदेशों में भेज रही है, उसके बाद आम जनता चिल्लाती है कि फलां-फलां आवश्यक वस्तुओं की कमी हो रही है, इनकी व्य वस्था करनी चाहिए तो फिर सरकार उन चीजों को बाहर से मंगाती है। मैं यह समझती हूं कि इसके पीछे केन्द्र सरकार की कोई सोची-समझी साजिश है। एक तरफ हम यह कहे कि उत्पादन में कमी है और फिर भी आवश्यक वस्तुओं को बाहर भेजें और जब आम जनता चिल्लायें तो उनको हम दूसरे देशों से अपने यहां मंगाये, इसका मतलब यह है कि आयात और निर्यात में केन्द्र सरकार ने जरूर कुछ न कुछ कमीशन खाया है। इनका आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। बी.जे.पी. की सरकार को इस बात का एहसास है कि इस बार तो हमने ले-देकर गवर्नमेंट बना ली है, लेकिन आगे हमें मौका नहीं मिलेगा। इसलिए जितना कमीशनखोरी से हमें कमाना है, इस बार हमें कमा लेना चाहिए। मुझे याद है

... (व्यवधान)

साबित क्यों नहीं किया। ऐलीगेशन लगाना आसान काम है, लेकिन ऐलीगेशन को साबित करना बहुत मुश्किल काम है। मुझे याद है जब लोक सभा का इलेक्शन हुआ था तो बी.जे.पी. ने एक नारा लगाया था कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आप लोगों को इस बात का एहसास है कि अभी तो आ गये हैं, लेकिन आगे आप लोग भविष्य में नहीं आने वाले हैं। इसी का ध्यान रखते हुए आप लोगों ने महंगाई को बढ़ावा दिया है। महंगाई अपने आप नहीं बढ़ी है, महंगाई सोची-समझी साजिश के तहत बढ़ाई गई है और इसमें हमें सत्तापक्ष का हाथ नजर आता है। क्योंकि यदि महंगाई बढ़ी तो सरकार की जिम्मेवारी बनती थी कि आवश्यक वस्तु अधिनियम को कड़ा बनाये और इसके साथ-साथ एक निगरानी सैल भी बनाना चाहिए था ताकि जो जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोग हैं वे जेल में नजर आते, जेल के बाहर नजर नहीं आते। यदि यह सब किया जाता तो मैं समझती हूं कि महंगाई नहीं बढ़ती। मुझे पिछले पांच-छः महीने में जगह-जगह यह जानने का मौका मिला कि जब अधिकारियों ने जमाखोरों की दुकानों या उनके बिजनेस सैंटर्स पर छापे मारे, मैं सब बिजनेस क्लास की बात नहीं कर रही हूं, मैं बी.जे.पी. की मिलीभगत से जमाखोरी और मुनाफाखोरी करने वालों की बात कह रही हूं, जब उनके यहां छापे मारे गये तो कालाबाजारी करने वालों ने अधिकारियों की कई जगह पिटाई तक की है, लेकिन सरकार देखती रही। ब्यूरोक्रैटस चाहते हैं कि निगरानी सैल के माध्यम से कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

लेकिन बी.जे.पी. के ऊपर से प्रैशर जाने के कारण जमाखोरी करने वाले लोग, कालाबाजारी करने वाले लोग खुले आम घूम रहे हैं। कई जगह अधिकारियों की पिटाई हुई है, बहुत से उदाहरण हैं। इसलिए मैं समझती हूं कि देश में महंगाई सोची-समझी साजिश के तहत बढ़ी है और बी.जे.पी. की सरकार अपनी कमजोरियों को छिपाने में एक्सपर्ट है। महंगाई इनकी मिली-भगत के कारण बढ़ी है। मुनाफाखोरों, कालाबाजारी को बढ़ावा देने वाले लोगों से बी.जे.पी. की सरकार मिली हुई है और इनकी मिली-भगत से महंगाई बढ़ी है।

बी.जे.पी. की सरकार कहती है कि खराब मौसम और उत्पादन की कमी के कारण यह

सब कुछ हुआ है, मैं इससे सहमत नहीं हूं क्योंकि मैंने यह महसूस किया है कि जिन प्रदेशों में बी.जे.पी. की सरकार है, सैंटर में बी.जे.पी. की सरकार है, उत्तर प्र
ादेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, वहां पर बी.जे.पी. की सरकार है लेकिन आज उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ रहे हैं। अभी महंगाई पर चर्चा हो रही है, मुझे ऐसा लगता है कि कुछ दिन बाद इसी हाउस में यह चर्चा होगी कि उत्तर प्रदेश में आर्थिक अकाल पड़ गया है और सरकारी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। जब उनसे पूछा जाता है कि सरकारी कर्मचारियों को वेतन क्यों नहीं मिल रहा तो कहते हैं कि हमें पिछली सरकार से खजाना खाली मिला है, इसलिए हम कर्मचारियों को वेतन नहीं दे रहे हैं। हकीकत यह नहीं है क्योंकि मैंने आपको बताया कि बी.जे.पी. की सरकार अपनी कमजोरियों को छिपाने में एक्सपर्ट है, हकीकत यह है कि उत्तर प्रदेश की बी.जे.पी. की सरकार में लगभग सौ के करीब मिनिस्टर हैं। सारा पैसा तो उनके ऊपर खर्च हो रहा है फिर सरकारी कर्मचारियों को वेतन कहां से मिलेगा, डैवलपमैंट का काम कहां से होगा। महंगाई बी.जे.पी. की मिली-भगत के कारण बढ़ी है लेकिन बी.जे.पी. कुछ और कहती है। उत्तर प्रदेश में जो आर्थिक संकट आने वाला है, उसके पीछे बी.जे.पी. की सरकार की अपनी कमजोरियां हैं लेकिन वह कहती है कि हमें पिछली सरकार से खजाना खाली मिला है। इसी प्रकार महंगाई के मामले में भी आप कहते हैं कि पूर्व सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण मौजूदा सरकार को महंगाई का वजन उठाना पड़ रहा है।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह प्रार्थना करना चाहती हूं कि यदि सही मायने में आप महंगाई को कम करना चाहते हैं, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करना चाहते हैं तो आपको किसानों की समस्याओं की तरफ भी ध्यान देना होगा। यदि मौसम खराब है तो उसका भी कोई रास्ता निकालना होगा कि उत्पादन में कैसे वृद्धि हो। इसके साथ-साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम को सख्त करना होगा, निगरानी सैल को सख्त करना होगा। जब तक आप सख्ती नहीं करेंगे, मैं समझती हूं कि महंगाई कम नहीं होगी, महंगाई बढ़ेगी और इसका बोझ, वैसे तो समाज के हर वर्ग पर इसका असर पड़ा है, लेकिन जो सबसे ज्यादा गरीब तबका है, मजदूर तबका है, जो दिन में मजदूरी करने जाता है, उन पर सबसे अधिक पड़ा है। माननीय सभापति जी को मालूम है कि बिहार कितना गरीब प्रदेश है, यदि एक मजदूर को दिन में ४० रुपये मजदूरी मिलती है, आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों को ध्यान में रखकर, उसमें से अगर उसने तेल ले लिया तो बाकी चीजें नहीं खरीद सकता। हमें यह देखना चाहिए कि जो समाज का सबसे गरीब तबका है, भारत के डाउन-ट्रॉडन लोग सबसे ज्यादा गरीबी की रेखा के नीचे नजर आते हैं, उस समाज की तरफ हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए। वैसे तो मध्यम वर्ग भी इससे प्रभावित हुआ है, समाज का हर वर्ग प्रभावित हुआ है लेकिन सबसे कमजोर तबका इससे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसा कड़े से कड़ा कानून बनाया जाए जिससे महंगाई को रोका जा सके।

श्हालांकि माननीय प्रधान मंत्री जी ने मुख्यमंत्रियों की एक बैठक बुलाई, उसमें मुख्यमंत्रियों के सजेशंस लिये हैं, लेकिन वे सजेशंस तो ले लिये हैं, नोट बुक में उनके सैक्रेटरीज़ ने नोट भी जरूर कर लिये होंगे, पूरी प्लानिंग भी बना ली होगी। हमें उस प्लानिंग को इम्प्लीमेंट करना होगा, लेकिन अभी तक इम्प्लीमेंटेशन नहीं हो रहा है। इसका मतलब यह है कि मौजूदा गवर्नमेंट की मेंटेलिटी साफ नहीं है और जब तक मौजूदा गवर्नमेंट की मेंटेलिटी साफ नहीं होगी, मुझे लगता है कि यदि आपकी मेंटेलिटी साफ नहीं है और आप लोग बिल्कुल महंगाई को कण्ट्रोल नहीं कर पाएंगे। मुझे बार-बार उस नारे की याद आती है कि अभी नहीं तो कभी नहीं, आपकी अब कभी बारी नहीं आयेगी। यदि आपको थोड़ा घना जनाधार बचाना भी है तो कम से कम डाउन ट्रोडन पीपुल या समाज का हर सैक्शन है, जो महंगाई से प्रभावित है, उसकी तरफ आपको ध्यान जरूर देना चाहिए। वैसे तो मौजूदा गवर्नमेंट हर मोर्चे पर फेल हुई है, इसी हाउस के अन्दर हर मोर्चे पर इधर बहस चलती रही है, लेकिन महंगाई ने समाज के हर सैक्शन की कमर तोड़ी है। उसकी नुकसान तो बी.जे.पी. को चार राज्यों के असेम्बली इलैक्शन में हुआ है, उसको आपको नुकसान उठाना पड़ा है।

आपने देश में एक तरफ महंगाई और दूसरी तरफ एट्रासिटीज़ बढ़ाई हैं। एट्रासिटीज़ भी बड़े पैमाने पर बढ़ी हैं। खास तौर से जो डाउस ट्रोडन पीपुल हैं, जो शैडयूल्ड कास्टस, शैडयूल्ड ट्राइब्स या बैकवर्ड क्लासेज़ के, रिलीजियस माइनोरिटीज़ के लोग हैं, मैं माइनोरिटीज़ के ऊपर ज्यादा नहीं बोलना चाहती, क्योंकि इसके ऊपर हमारी पार्टीके मैम्बर पार्लियामेंट ने यहां नोटिस दिया हुआ है, वे उसके बारे में बोलेंगे, लेकिन जब से बी.जे.पी. की गवर्नमेंट बनी है, लॉ एण्ड आर्डर का कण्ट्रोल करना मैं समझती हूं कि महंगाई से भी कनैक्टिड है। जब लॉ एण्ड ऑर्डर ढीला होगा तो जो जमाखोरी, मुनाफाखोरी करने वाले लोग हैं, वे सोचेंगे कि लॉ एण्ड आर्डर नाम की चीज कण्ट्री में है ही नहीं तो जमाखोरी करो, कालाबाजारी करो, उससे कोई हमको कण्ट्रोल करने वाला नहीं है। पूरे देश में महंगाई बढ़ी है और इसकी वजह चह है कि सरकार की मेंटेलिटी ठीक नहीं है। लॉ एण्ड आर्डर देश में बिल्कुल फेल हो चुका है और उत्तर प्रदेश में बिल्कुल फेल हो चुका है। क्यों हो

चुका है? जिस गवर्नमें में अपराधी किस्म के मिनिस्टर बैठे हों, जिनका आपराधिक रिकार्ड हो, ऐसे प्रदेश के अन्दर कभी भी क्राइम नहीं रुकेगा। दबे कुचले, पिछड़े तबके और धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोग एक तरफ महंगाई से जूझ रहे हैं, वैसे तो समाज का हर वर्ग जूझ रहा है, लेकिन हर प्रकार की एट्रासिटीज़ से वे जूझ रहे हैं, इसलिए माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वैस्ट करना चाहती हूं कि यदि आप लोग अपना थोड़ा घना जनाधार बचाना चाहते हैं तो हाउस के अन्दर जिन बातों की तरफ मैंने आपका ध्यान आकर्षित किया है, उसकी तरफ जरूर ध्यान देंगे, इन्हीं लफ्ज़ों के साथ आपने मुझे समय दिया, मैं आपकी घंटी की आवाज सुन रही हूं, इसलिए मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहती, नहीं तो हमारे मेल मैम्बर बोलेंगे कि मैडम मैडम का ख्याल कर रही हैं, कम घंटी बजा रही हैं, इसलिए मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए आपने मुझे समय दिया, इसलिए लिए मैं आपका धन्यवाद अदा करती हूं।

>

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): सभापति महोदया, इस बहस का आज तीसरा दिन है और माननीय राजेश पायलट जी ने इसको प्रारम्भ किया था, बहुत अच्छे शब्दों के साथ, बहुत अच्छी भावना के साथ और सकारात्मक सुझावों के साथ।

यह सर्वमान्य तथ्य है कि वस्तुओं के मूल्यों में जब भी आकस्मिक और अनावश्यक व्रृद्धि होती है तो जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और जनता को ही नहीं, प्रशासन को भी करना पड़ता है और राजनीतिज्ञों को भी करना पड़ता है। उसका प्रमाण पहले ही मिल चुका है, उसके विशेष विवरण में मैं नहीं जाना चाहता। विशेषकर जब दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं के मूल्यों में व्रृद्धि हो तो गरीब लोगों के लिए वह स्थिति बहुत भयावह हो जाती है।

माननीय सांसदों का इसके प्रति चिंतित होना स्वाभाविक भी है और उचित भी है। तीन दिन से इस पर चर्चा चल रही है, इसके सभी पहलुओं और बिंदुओं पर प्र
काश डाला जा चुका है। कई सदस्यों ने बड़ी सटीक बात कही है और उपयोगी सुझाव दिए हैं, जिसमें राजनीतिक, प्रशासनिक और आर्थिक सभी पक्षों पर विचार व्यक्त किए गए हैं। जहां तक राजनीति का सवाल है, मैं कह चुका हूं कि इसमें गलती किसकी थी या नहीं, उसका खामियाजा लोगों द्वारा उसे भुगतना पड़ा है।

SHRI N.K. PREMCHANDRAN (QUILON): Madam, Chairperson is it a debate that he is making?

MR. CHAIRMAN (PROF. RITA VERMA): I have already explained. He is only intervening.

... (Interruptions)

SHRI SOMPAL: It is only an intervention in the debate. ... (Interruptions)

It is not a reply. I have sought permission to intervene in the debate, and I can refer to any point raised by any hon. Member... (Interruptions)

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Do not exhaust all these things. Let Shri Barnala also reply... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN : Madam, this is not correct. Immediately after Shri Rajesh Pilot's speech, he could have intervened and said anything... (Interruptions)

SHRI R.L. JALAPPA (CHIKBALLAPUR): Madam, he is giving a long speech... (Interruptions)

सभापति महोदय : सोमपाल जी आप अपने विचार रखें।

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः अगर ऐसे शोर करेंगे तो यह लम्बा खिंचता रहेगा।

श्री सोमपालः सभापति महोदया, मैं अपने ही विचार रखूंगा, लेकिन जो विचार प्रस्तुत किए गए हैं, उनके सम्बन्ध में चर्चा करना प्रत्येक सदस्य का अधिकार है। मैं इससे ज्यादा नहीं करूंगा, अवहेलना नहीं करूंगा।

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः अब आप बैठिए, क्या सदन सभी को इंटरवीन करना जरूरी है, कृपया सदन को चलने दें।

श्री सोमपालः सभापति महोदया, मैं दो व्यक्तियों द्वारा उठाए गए बिन्दुओं का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा। माननीय पायलट ने जो कुछ बातें कहीं और दूसरा चिदम्बरम जी ने जो कहा। पायलट जी ने जब चर्चा प्रारम्भ की, जैसा मैंने कहा कि यह बात सही कही कि जो हो गया सो हो गया। इस घटना से हमें कुछ शिक्षा

लेनी चाहिए। इस सम्बन्ध में जो प्रशासनिक और आर्थिक उपाय हैं, उनके सम्बन्ध में सोचा जाना चाहिए। इसमें सभी पार्टियों को दलगत भाव से उठकर एक सकारात्मक चिंतन और सुझाव देने की आवश्यकता है। परंतु चिदम्बरम जी ने जो यहां आर्थिक मसलों पर अपना विद्वतापूर्ण विश्लेषण रखा, उसको मैंने सुना। जहां तक उनकी योग्यता का सवाल है, शब्द सामर्थ्य का सवाल है, आर्थिक विचारों, आर्थिक अवधारणा और आर्थिक विषयों पर उनकी जो पकड़ और योग्यता है, वह निर्विवाद है। उन्होंने अपने हार्वर्ड स्टाइल में पूरी मैक्रोएनालाइसिज जिस तरह से यहां दी, यह बात भी कही कि बजट के ऊपर बोलते हुए मैंने चेतावनी दी थी ि वत्त मंत्री जी को कि यह बजट मुद्रास्फीतिजनित होगा। उन्होंने एम ३ के प्रसार और यह भी कहा कि जितने भी मौद्रिक और वित्तीय उपस्कर और उपकरण हैं, सरकार उनके ऊपर नियंत्रण खो बैठी है, इस कारण महंगाई हुई है। मैं संक्षेप में इतना ही कहना चाहता हूं कि वर्तमान स्थिति में इनमें किसी भी तर्क में कहीं दूर तक कोई संगति नहीं है। क्योंकि अभी-अभी हाल में मुद्रास्फीति दर घटी है। यह बात सब जानते हैं कि जो प्राथमिक आवश्यकता की वस्तुएं हैं, जिन्हें हम प्राइमरी आर्टिकल्स कहते हैं, उनकी कीमतों में अनावश्यक वृद्धि होने के कारण मुद्रास्फीति की दर में कुछ समय के लिए वृद्धि हुई थी। मुद्रा के विस्तार, वित्तीय संसाधनों या उनके प्रबंधन या कुप्रबंधन के कारण कीमतों के ऊपर, सामान्य मूल्य स्तर के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने अपनी बात रखी। पूरे सांसदों को और मुझे भी उनका भाषण सुनना बड़ा सुखद लगा। जिस स्टाइल से, जिस उच्चारण से और जिस भाव से वे बोलते हैं, पश्चिमी आर्थिक दर्शन का विश्लेषण करते हुए, निर्दशन करते हुए, वह बहुत सुखकर था। परंतु यह पूर्णतः पुस्तकीय था और जो पाश्चात्य दर्शन है अर्थशास्त्र का, उसके ऊपर अवलम्बित था। वही सारी भाषा और वही सारे वाक्यांश उन्होंने इस्तेमाल किए। इस स्थिति का उससे दूर तक कहीं कोई नाता नहीं है।

यह मैं इसलिए कहना चाह रहा हूं कि सिवाय उन प्राथमिक आवश्यकता की वस्तुओं के और किसी वस्तु के दाम नहीं बढ़े। न तो विनयमित उत्पादों के बढ़े, न सरकार के द्वारा प्रशासित जैसे पैट्रोलियम पदार्थों के बढ़े। उनमें कहीं एक दशमलव, कहीं आधा दशमलव और कहीं दो दशमलव की वृद्धि हुई है। इस प्रकार सामान्य मूल्य स्तर के ऊपर प्रभाव नहीं पड़ा। इसलिए जितना भी उन्होंने इस विश्लेषण पर जोर लगाया और अपनी विद्वता बघारी, इस वर्तमान संदर्भ से उसका कहीं दूर तक नाता नहीं है।

इस बात को प्रमाणित करने के लिए मैं सिर्फ यह उदाहरण देना चाहूंगा कि सब्जियों में हरी सब्जियां, आलू और प्याज, खाद्य तेलों में विशेषकर सरसों का तेल, इसके अलावा आवश्यक वस्तुओं के विशेषकर किसी के दाम नहीं बढ़े हैं और उनके अपने कारण रहे हैं। उनका मैं जरूर उल्लेख करना चाहूंगा। सब्जियों में प्याज ने नेतृत्व किया।

दालों में से अरहर की दाल और उड़द की दाल के दाम बढ़े हैं।

... (व्यवधान)

ऐसा नहीं है कि कोई छिपाने वाली बात है। सभी को मालूम है। इस मामले में प्याज ने नेतृत्व किया और जैसा कि माननीय प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि प्याज के वल गृहिणी की ही आंख में आंसू नहीं लाता, वह दिग्गज राजनीतिज्ञों की आंख में भी आंसू ला देता है। कुछ देर के लिए उनकी दृष्टि को भी धुंधला कर देता है और उसका खमियाजा हमको भुगतना पड़ा। कसूर हमारा था या नहीं था पर जनता ने मान लिया कि हमारा कसूर था। मैं संक्षेप में कहना चाहूंगा कि सरसों के तेल के दाम बढ़े हैं पर उसका एक कारण था कि ड्रॉप्सी नाम का एक रोग आया। आर्जमौन नाम का जो पौधा है, जिसे पीली कटैली कहते हैं, उसके अपमिश्रण के कारण विषैले तत्व उस खाद्य तेल में समाविष्ट हुए, जिसके कारण तेल की आपूर्ति घटी।

... (व्यवधान)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN : Under which rule are you on a point of order?

... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Madam Chairperson, I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: Please quote the rule.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : I need not say under which rule I am on a point of order. You may hear me and decide whatever you want. (Interruptions) I do agree that the Minister can intervene at any stage to clarify a particular question. Here, the hon. Minister has been speaking for a long time. What is the purpose of the intervention? I am not able to understand it. (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: There is no point of order in this.

... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : These are matters to be dealt with at the time of reply. If in the course of the discussion there is something misleading, he can clarify but not give a long speech. (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, there is no point of order.

... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : He has to reply at the end of the discussion. We are creating a bad precedent. This is not correct. (Interruptions) He is replying for the sake of some other purpose.

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : He can clarify a particular situation. He can give an ad hoc reply but not a lengthy reply.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. There is no point of order.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Sompal, please make a brief statement.

सभापति महोदयः अब आप बोलिए।

... (व्यवधान)

श्री सोमपालः जब वह चुप होंगे तभी तो मैं बोलूंगा।

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः आप बोलिए। उनका इंतजार मत कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री सोमपालः तेल के विषय में आपको याद है कि जलोधर, जिसे ड्रॉप्सी कहा जाता है, उस रोग के कारण आर्जमौन नाम का बीज, जो विष युक्त होता है, उसके अपमिश्रण के कारण यह स्थिति हुई और कभी-कभी यह भी कहा जाता है कि यह दुर्भाग्यवश हो सकता है। जो सदस्य किसान हैं, वे जानते हैं।

... (व्यवधान)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : The hon. Minister is referring to a matter raised quite some time back. Shri P. Chidambaram spoke three days ago.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (PANSKURA): I do not know how the oil prices have increased. (Interruptions) After the dropsy deaths, people have stopped taking mustard oil but the prices have gone up. (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Shri Chidambaram spoke three days ago. (Interruptions)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): Please calm down. First, order has to be restored.

Unnecessary intervention is a problem that he has. (Interruptions) He has been a Speaker of an Assembly and he sees a point of order in everything, whether it is there or not. That is the problem. (Interruptions) He seems to be suffering from a `point of order' syndrome.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Shri Chidambaram spoke three days ago. You could not intervene then. You are intervening now, three days after he delivered his speech. Is it Parliamentary? (Interruptions)

SHRI SOMPAL: I have been allowed by the Chair.

Madam, you have allowed me. (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

(Interruptions) *

श्री सोमपालः सभापति जी, मेरा कहना यह है कि उस कठिनाई के कारण, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों ने इस तरह की

... (व्यवधान)

Madam, please restore order first. Then only I can speak, otherwise, I cannot. This is not the way. I never intervened when they spoke.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Please keep quiet.

... (Interruptions)

SHRI RAJESH PILOT (DAUSA): There is a tradition in this House that any Minister, on behalf of the Government, can intervene. Let us maintain that tradition. Now, Shri Sompal, is speaking on behalf of the Government; let him speak. We have such a tradition.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, you had been a Speaker yourself, why are you saying like that?

... (Interruptions)

SHRI RAJESH PILOT : There is such a tradition. He can intervene. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Premchandran, you have to address the Chair and not another Member.

... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN : He is doing it for a different purpose. We are here to participate in this discussion. He is replying. This is a clear-cut reply. He is replying to each and every word of what is said here. This is not fair. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: No. Shri Premchandran, please sit down.

... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN : Madam, you are creating a bad precedent.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: No. Please sit down.

SHRI SOMPAL: Madam, it is an established norm in the House that a Member or a Minister cannot be asked to reply in a certain way which the other Members like.

MR. CHAIRMAN: Shri Sompal, please address the Chair.

SHRI SOMPAL: I am addressing you only, Madam.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: No. Please do not waste the time of the House.

श्री सोमपालः सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि इस घटना के कारण कुछ समय के लिए आपूर्ति में अभाव हुआ और दाम बढ़े। उसके बाद हमने प्रशासनिक इन्तजाम किए हैं, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। देशभार में प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया गया। उनकी तकनीकी क्षमता को अपग्रेड किया गया। उससे पहले यह तय किया गया कि बाजार में जो भी तेल बेचेगा, उसके ऊपर परीक्षण का लेबल चिपका होगा और पैकिंग में वह बिकेगा। ग्रामीण उद्योग की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, राज्यों को शिथिलता देने की छूट दी गई।

महोदय, अब मैं सब्जी के बारे में कहना चाहता हूं

... (व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी : महोदय, जब ड्रॉपसी के केस हुए थे, उस समय दिल्ली में मस्टर्ड आयल के तेल का भाव ३५ रुपए था।

After that, it has gone up to Rs.65 or Rs.70. Now, it is selling at Rs.60. Why is it so?

श्री सोमपालः महोदय, मैं अभी भी यह कह रहा हूं कि यह आकस्मिक वृद्धि हुई थी। सरसों की कमी पिछली फसल में निश्चित रूप से हुई थी और यह कमी कुछ दिन रहेगी।

NDDB

और दूसरे आउटलैट के माध्यम से अब सरसों का तेल ५७ रुपए में बेचा जा रहा है। अब उसकी कीमत तब के मुकाबले में कम है।

जहां तक दालों का संबंध है,

... (व्यवधान)

मैं अलग-अलग माननीय सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देने में असमर्थ हूं। यह आपका उत्तरदायित्व है कि आप उनको रोकें। समय मेरा बर्बाद हो रहा है।

... (व्यवधान)

KUMARI MAMATA BANERJEE: We are not asking for a reply. I want to say only one word. Hon. Minister said that after the dropsy incidents, the price came down. But it is not a fact. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Okay, you have made your point.

KUMARI MAMATA BANERJEE : Before dropsy incidents, it was selling at Rs.35; after dropsy incidents, it was selling at Rs.80. Now, it has come down to Rs.60 or Rs.65 in Delhi. Please find it out. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Sompal, how much more time do you want?

SHRI SOMPAL: I need another ten minutes.

MR. CHAIRMAN: Do you need another ten minutes? Can you not do it in five minutes? ... (Interruptions) Please let him finish.

SHRI SOMPAL: I have given in writing asking for fifteen minutes. In that, five minutes have been wasted.

SHRI ARIF MOHAMMED KHAN : Madam, we would like to hear his voice; and so, we want him to continue for a longer time!

श्री सोमपालः सभापति जी, उसके बाद खाद्य तेलों को आयात किया गया और आयात कर में कमी की गई तथा इसको सामान्य लाइसेंस प्रणाली में रखा गया। साथ ही पर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया। पामोलीन जैसे खाद्य तेल का आयात किया गया। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार की ओर से इसके संबंध में दोनों उपाय किए गए हैं।

दालों में से केवल अरहर की दाल के भाव अधिक बढ़े। आप सभी जानते हैं कि मौसम की खराब के कारण और असमय वर्षा के कारण फसलों को नुकसान हुआ और भाव बढ़े। यहां पर चिदम्बरम साहब की सिर्फ एक बात लागू होती है, मांग और आपूर्ति का जो सामान्य अर्थशास्त्र का मूल सिद्धान्त है, जहां कमी होती है, वहां कुछ-न-कुछ भाव बढ़ता है। इसकी रोकथाम करने के लिए ताकि स्थिति सीमा के बाहर न चली जाए, सरकार ने आवश्यक कदम उठाए हैं।

जहां तक प्राकृतिक आपदाओं का प्रश्न है, सदन इस बात से अवगत है कि २७ मई को वर्षा शुरू हुई और २४ जुलाई तक भारी वर्षा हुई। मैं उस समय पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करने गया था, एक दिन भी ऐसा नहीं था कि भारी वर्षा न हुई हो। ब्रहमपुत्र की १७ नदियां अपने रिकार्ड स्तर से ऊपर बह रही थीं। यही स्थिति उत्तर बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के चारो भागों में रही है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और बाद में उत्तर भारत में दीपावली के अवसर पर

... (व्यवधान)

आप इतने वरिष्ठ सदस्य हैं, बीच में बोल रहे हैं।

... (व्यवधान)

SHRI SOM PAL: Shri E. Ahmed, I have never expected this atleast from you. I have never interrupted you.

सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में दीपावली के समय नौ दिन वर्षा हुई, जिसका सैंकड़ों वर्षों के इतिहास में कहीं उदाहरण नहीं मिलता। फिर लगता है कि १६ दिन तक बादल रहने के कारण जो फसल १३ लाख टन प्याज की होनी थी वह घट कर आठ लाख टन रह गई तथा २६ दिन तक खुले बाजार में आने में विलम्ब हुआ, इस कारण से उसके दाम बढ़े। फिर भी हमने निर्णय लिया कि प्याज आयात किया जाए। यह बात भी अपने आप में मानने की है कि विश्व के किसी भी कोने में इतनी बड़ी मात्रा में उस क्वालिटी का प्याज बचा नहीं जो हिन्दुस्तान के लोगों की पूर्ति कर देता, यह बात सब जानते हैं।

... (व्यवधान)

श्री राजेश पायलट (दौसा) : फिर भेज क्यों रहे थे?

श्री सोमपाल : माननीय पायलट जी, इसलिए भेजा था क्योंकि उस समय नहीं भेजते तो एक रुपया भी किसान को नहीं मिलता और जो पहले से तय था वही भेजा। फिर जैसे ही कमी की पूर्ति पता लगी तो उसी समय हमने उसके ऊपर पाबंदी भी लगा दी।

... (व्यवधान)

You exported it. You exported 17,000 tonnes. Onions in August and September,'98.

श्री सोमपाल : आपको स्मरण होगा कि दिवाली के निकट एक दिन में ताजेवाला हैडवर्क से, जहां से पश्चिमी यमुना और पूर्वी यमुना कैनाल सिस्टम निकलते हैं, ५ लाख ५४ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया और दो दिन की बाढ़ में ताजेवाला से लेकर इलाहाबाद यमुना के दोनों किनारे, जहां कई-कई किलोमीटर सब्जी होती है और मुख्य रूप से सप्लाई आती है,

... (व्यवधान)

DR. ASIM BALA (NABADWIP): Madam, this is not at all convincing.

SHRI SOM PAL: You can say so when you get a chance to speak. I have never interrupted you. This is not the way. ... (Interruptions)

सभापति महोदय :सोमपाल जी, आप मुझे बोलिए।

श्री सोमपाल : महोदय, इस तरह से मैं कैसे बोलूं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोगों की बात मत सुनिए और कृपा करके कंक्लुड कीजिए।

श्री सोमपाल : मेरा यह कहना है कि दो दिन में ९२७ किलोमीटर यमुना के दोनों ओर जो सब्जी होती है, राजेश जी इस बात को जानते हैं,

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now.

श्री सोमपाल : मैडम, मुझे बोलने का समय दें, आप कहें तो मैं बैठ जाता हूं। ... (व्यवधान)

If this is so, I will not speak. All my time is being wasted. I am sorry in this atmosphere nobody can speak.

सभापति महोदय : आप बोलिए, टोका-टाकी तो होती ही है। आप बोलिए, ऐसी कोई बात नहीं है।

SHRI SOM PAL: How can I speak unless I am allowed to speak? All the time I have been interrupted. This is not my responsibility.

सभापति महोदय : यह सब चलता रहता है, आप अपनी बात बोलिए।

Shri Jalappa, you yourself were a Minister.

Nothing that he speaks will go on record.

(Interruptions)*

सभापति महोदय : अगर आप चाहते हैं कि समय बर्बाद न हो तो मंत्री जी को शांति से अपनी बात समाप्त करने दीजिए।

... (व्यवधान)

श्री सोमपाल : सभापति जी, मैं संक्षेप में कहना चाहता हूं कि यह अप्रत्याशित स्थिति थी जो इस देश को झेलनी पड़ी, जिसके कारण खास तौर से पेरीशेबल कमोडिटीज का, सब्जी का अभाव हुआ है। उसके संबंध में जो हमने उपाय किए, दो-तीन बातों में अपना वक्तव्य देकर अपनी बात समाप्त करूंगा। पहले हमने राष्ट्रीय स्तर पर कृषि मंत्रालय में फसल का अनुमान लगाने के लिए आधुनिकतम केन्द्र की स्थापना की ताकि ऐसी परिस्थितियों का पूर्व अनुमान आगे से ज्यादा बेहतरी से लगाया जा सके और ज्यादा वास्तविक स्थिति देश के सामने रखी जा सके।

दूसरा यह किया है कि कीमतों का जायजा लेने के लिए एक प्राइस मार्किटिंग सैल भी स्थापित किया है - एक कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में और एक कृषि मंत्रालय के अन्तर्गत जिस में देश की प्रमुख मंडियों से उसे कम्प्यूटर से जोड़ा जाएगा और रोजमर्रा चीजों की कीमतों का जायजा लिया जाएगा। तीसरा, जो स्टाक हमारे पास रहते हैं, उनका रिलायबल इनफर्मेशन रहे, उसके लिए एक इनफर्मेशन नैट वर्क हम क्रियेट करने जा रहे हैं। जितने भी रूरल एरियाज में सब्जियां और पैरिशेबल कमेडिटीज होती हैं, उनमें बाजार की उचित व्यवस्था करने के लिए प्रत्येक २०-२५ ग्राम के ऊपर एक मंडी हो, इसकी एक दीर्घकालीन योजना बनायी है। कोल्ड-स्टोरेज की चेन और अपग्रेडिड स्टोरेज फैसिलिटी जिस में प्याज और आलू जैसी चीजों को एक फसल से ज्यादा समय रखने के लिए एक योजना बनायी है। प्रत्येक ब्लाक में दो हजार टन का एक कोल्ड स्टोरेज हो, इसके लिए ५० परसैंट अनुदान राशि केन्द्र सरकार देगी। पूरे देश में इसकी श्रृंखला स्थापित की जाएगी। इसके लिए ऋण देने की जो व्यवस्था है, उसे भी हम दुरुस्त कर रहे हैं कि इस तरह के लाइसेंस वाले गोडाउन्स के अन्दर किसान अपना सामान रख कर जो रसीद मिले, बैंक से उसके लिए ऋण ले सके जिससे उन्हें डिसट्रैस सेल क्रॉप के समय करने की मजबूरी नहीं हो और बाद मे उपभोक्ताओं को भी वे वस्तुएं आवश्यक समय में उचित मूल्य पर मिल सकें। इसी तरह से सहकारी आन्दोलन को ज्यादा सामर्थयवान और सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए हैं। हमारा मंत्रालय राज्य सरकारों से बात करने के बाद कोआपरेटिव मूवमैंट को ज्यादा मजबूत और सामर्थयवान कर रहा है जिससे बिचौलिओं की मुनाफा करने की प्रवृत्ति को रोका जा सके और उत्पादक व उपभोक्ता के बीच में अधिक सीधा संबंध स्थापित हो सके।

----

* Not Recorded

अभी तक एग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटिंग एक्ट का सब जगह अनुपालन नहीं हो रहा है। उसमें प्रावधान है कि खुले रूप में नीलामी होनी चाहिए। सब जगह इसके अनुपालन के लिए सुनिश्चित इंतजाम किए जा रहे हैं। मंडी टैक्स और दूसरे टैक्स से भी प्रभाव पड़ता है। राज्य सरकारों और उनके मुख्यमंत्रियों, कृषि मंत्रियों और वित्त मंत्रियों से बात करके इसे किया जाएगा। अभी पिछले महीने की २७ तारीख को माननीय प्रधान मंत्री जी ने मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन बुलाया था। उसमें भी सहमति ली है कि कृषि उत्पादों की आवाजाही के ऊपर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध कोई राज्य नहीं लगाएगा जिससे उपभोक्ता और उत्पादक को कोई नुकसान न हो। इस तरह करों की जो बहुलता है उसे स्टीम लाइन करने के लिए हम आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

इसी तरह हम एक सीड बैंक राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण बात है। सब्जियों के सारे बीज चूंकि आलू की एक नई प्रौद्योगिकी वैज्ञानिकों ने खोजी है जिस में आलू के रूप में नहीं आलू के अनाज के स्वरूप में बीज का भंडारण किया जा सकता है। हम यह व्यवस्था कर रहे हैं कि अगले दो वर्ष में हमारे पास इतना बीज सब्जियों का रहे जिससे पूरे एक साल की बुआई हो। हम वह अतिरिक्त स्टाक रखेंगे जिससे कभी इस प्रकार की स्थिति पैदा हो तो हम उस कमी को पूरा कर सके।

इसी प्रकार मार्किट इंटरवैंशन के लिए नैफेड और दूसरी एजेंसियों को तथा सभी राज्य सरकारों को ५०-५० परसैंट अंशदान के हिसाब से इंटरवैंशन करने की सुविधा दी जा रही है। जहां तक खाद्य तेलों और दालों का प्रश्न है उसके आयात और उसे उगाने के लिए एक समुचित नीति तैयार की जा रही है। भविष्य में जब भी ये निर्णय लिए जाएंगे, सभी मंत्रालयों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सलाह करके लिए जाएंगे जिन का इनसे संबंध होगा। इसी तरह जहां तक न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात है, हम कोशिश कर रहे हैं कि उसे भी प्याज और आलू के साथ जोड़ा जाए ताकि अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करने का काम हो सके। तकनीकी क्षेत्र में नए बीजों का और ज्यादा उत्पादन देने वाले बीजों को किसानों को मुहैय्या कराना, उनके इनपुटस को समय पर समुचित मात्रा और दर पर उपलब्ध कराना और उनको नई क्रॉप प्रेक्टिस सिखाना, उसकी पोस्ट हारवैस्ट टैक्नॉलोजी, जिस में ३०-४० परसैंट फलों एवं सब्जियों की हानि होती है, उसकी रोकथाम के सरकार ये सब इंतजाम करने जा रही है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं और उन सदस्यों का भी जिन्होंने बार-बार व्यवधान डाल दिया।

>1710 hours

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (BERHAMPUR) (ORISSA): Madam, thank you very much that you have given me a chance. The common men across the length and breadth of the country have been severely burdened with the increase in prices... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : You should have replied to all the Members.

SHRI SOMPAL: I do not understand what is the meaning of your intervention ... (Interruptions) This is not becoming of you. You are a senior Member and we all respect you... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : You are creating a very bad precedent... (Interruptions).

SHRI SOMPAL: I can speak at the top of my voice and louder than you.

MR. CHAIRMAN : I have called Shrimati Jayanti Patnaik.

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK : Madam, besides, in the States having high incidence of poverty, the effects of price rise have been more distressing. Especially, the common house wife does not know the economic jargon. All she understands is that while the income remains more or less at the last year's level, the trip to the market is more taxing on the purse now. The main reason for the price rise is that there is a wide gap between the wholesale and retail prices. The causes being attributed to the price rise are (i) shortfall in production due to the unfavourable weather; (ii) export of all these commodities, mainly, onion; (iii) the devaluation of rupee leading to higher cost of imported oil and pulses; and (iv) hoarding and speculative prices by traders.

Madam, one more thing that I have to tell is that the existing forecasting mechanism has totally failed in anticipating these shortages. Even as late as in September, 1998, the bumper khariff onion crop was forecast and the consequent return to the normalcy was expected. The prime responsibility for the national level forecasting lies with the Union Government who have the overall picture of the production at various stages in different States. But this has not been looked into by the Government.

The status of import and export at the national consumption requirement which leads to accurate and more reliable forecast has also not been managed by the Government.

We have seen that leaving essential commodities to the vagaries of market forces of demand and supply leads definitely to price rise. Public distribution system has a definite policy for market intervention in rice, wheat and sugar. So, there is a need for the Government policy supported by legislation and infrastructure for management

of these commodities. All these should be managed by a designated agency who can handle the procurement and marketing of these commodities. This designated agency should be controlled and funded by the Union Government and the State Government should accord cooperation and coordination through the identified State Government undertakings for managing the State level distribution.

There is a serious allegation that wholesalers and traders -- by way of hoarding and speculation -- are primarily responsible for the price rise and much has been said about the Essential Commodities Act. So, hoarding must be checked and stringent action must be taken against the hoarders.

There is also price rise at the major centres of cultivation and production and it becomes exceedingly difficult for the consuming States to control the prices of those commodities which are imported from other States.

The Government should ensure free movement of all essential commodities into the State and also ensure that wholesalers and traders keep their profit margin to the minimum. The Government should ensure that the Government undertakings and cooperatives - the Minister has said just now - should enter the market and sell all the essential commodities without profit. It should also take stringent steps against black-marketeers as hoarders.

The pre-fixation of prices of free trade commodities under the Essential Commodities Act should be made more effective. To make it more effective, price fixation needs to be done at the centres of the cultivation, production and wholesale trade and on this basis, the consuming States should fix the price giving all allowance for transportation, handling, storage and trade management. The Government should also seriously consider fixing a minimum support price for protecting the farmers as well as giving maximum sale price to protect the consumers against the price rise.

The Minister has already said about the high fluctuation in the price of vegetables which is a matter of great concern to all of us because the vegetables have become an essential part of the common man's diet. Different vegetables grow in different seasons. During off season, to get the vegetables, one has to depend on the neighbouring States. But the vegetables that are grown during season should be preserved for the rest of the year and for this, we do not have any facility for cold storage. Appropriate technology should be developed to store vegetables in small cold storages. Liberal subsidies should be provided to develop cold chain infrastructure linking vegetable-producing areas of one State to another State for export of vegetables. The subsidies available from the National Horticulture Board and the Ministry of Food Processing are difficult to access. The NCDC scheme of cold storage has a very high cost of borrowing. These schemes should carry concessional rate of interest for poorer States having inadequate infrastructure. We strongly urge upon the Government to take up necessary short-term, as well as long-term measures to control the present price situation as well as to prevent the recurrence.

The prices are pushed up because of the mismanagement in economy by the Government. There is a huge laxity on the part of the Government. The Government should wake up now - we have already heard from the Agriculture Minister - and the Goverment should take urgent steps in this regard. We know that the Government has exploded a nuclear bomb but it has failed completely to curb the price explosion.

श्री खारबेल स्वाईं (बालासोर): होर्डर्स को गिरफ्तार कर लेना चाहिए। उनकी सरकार उड़ीसा में है। उड़ीसा में कितने होर्डर्स और ब्लैक मार्केटियर्स को अरेस्ट किया है? क्या अटल बिहारी वाजपेयी जी वहां आर्मी भेजेंगे?

... (व्यवधान)

आप भाषण तो दे देते हैं कि ऐसा करना चाहिए लेकिन ऐसा कौन करेगा?

... (व्यवधान)

>SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Madam Chairperson, during the last few months, there has been an upward spiral of prices of all essential commodities particularly of oil, pulses, rice, onions and other vegetables. The problem was faced by all the people of India particularly, the poor people. We should all feel

sorry for this sorrowful plight of the common man. The reasons are many. Its effect on the poor man's suffering is very large.

In the last Session, on July 9th, in this very House, we had discussed this subject elaborately. The leaders of various political parties had mentioned about so many problems.

They suggested so many measures to control the price rise. But the Government of India had failed to control the price rise. If the demand and supply is equal, then there is no need to discuss this issue here. If there are multiple problems, the Government must control the situation. The problem may be nature-made or man-made or it may be due to inflation or the decreasing value of the rupee. Whatever it may be, the Government must control it. The Government must take steps to control the price rise.

There is another aspect. I think there is no coordination among the Ministries. We are aware of it. We have seen it in the newspapers. The Ministry of Agriculture and the Ministry of Civil Supplies told the Government that due to heavy rains and severe heat, the entire onion crop has been spoiled. But in this particular period, the Ministry of Commerce has exported two lakh tonnes of onions to other countries. So, there is lack of coordination. It is a failure of the Government.

